**कमला बालान बाँध, बिहार की प्रगति**

2125. **श्री रामभगत पासवान :** क्या सिंचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कोसी बांध के साथ सम्बद्ध कमला बालान बाँध (दरभंगा जिला बिहार) का निर्माण कार्य दारजिया में रुक गया है ;

(ख) क्या जनता ने सरकार से अपील की है कि इस बाँध का बरास्ता तिलकेश्वर दारजिया से अगर घाट तक विस्तार किया जाना चाहिए ; और

(ग) यदि हाँ, तो क्या सरकार का विचार जनता के हित में इस बाँध को शीघ्र पूरा करने का है ?

**सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बैजनाथ कुरील) :** (क) से (ग). कमला बालान के तटबन्ध दरजिया तक निर्मित हो चुके हैं। सरकार तटबन्धों के विस्तार की लोगों की मांग के प्रति सचेत है। तटबन्धों के विस्तार के लिए व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने के लिए अनुसंधान बिहार सरकार द्वारा शुरू कर दिए गए हैं।

**बिल्ली बाँध का निर्माण**

2126. **श्री रामभगत पासवान :** क्या सिंचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विरौल डिवीजन के दरभंगा जिला (बिहार) में भंठा से रजवा तक विल्ली बाँध बनाने का कोई प्रस्ताव है ; और

(ख) यदि हाँ, तो इस बांध को सरकार का कब तक पूरा करने का विचार है ?

**सिंचाई और विद्युत मन्त्रालय में उपमंत्री (श्री बैजनाथ कुरील) :** (क) और (ख). बिहार सरकार से जानकारी एकत्र की जा रही है और यथा-शीघ्र सभा-पटल पर रख दी जाएगी।

**चौथी पंच वर्षीय योजना में मध्य प्रदेश की नदी जल परियोजनायें**

2127. **डा० लक्ष्मी नारायण पांडे :** क्या सिंचाई और विद्युत मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) योजना आयोग ने चौथी पंचवर्षीय योजना में मध्य प्रदेश के लिए किन-किन नदी जल परियोजनाओं को स्वीकृति दी है ;

(ख) उपयुक्त प्रत्येक स्वीकृत परियोजना पर कुल कितनी राशि खर्च किए जाने की सम्भावना है ; और

(ग) ऐसी परियोजनाओं की संख्या तथा नाम क्या हैं जिन पर प्रारम्भिक कार्य आरम्भ कर दिया गया है ?

**सिंचाई और विद्युत मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री बैजनाथ कुरील) :** (क) और (ख). मध्य प्रदेश की चौथी योजना में शामिल करने के लिए निम्नलिखित पांच नई स्कीमें योजना आयोग द्वारा स्वीकृत हो गई हैं :

| स्कीम का नाम | अनुमानित लागत (लाख रुपये) |
|---|---|
| 1. बारगूर | 71.74 |
| 2. पुटकानाला | 63.53 |
| 3. जमनी बाँध | 61.26 |
| 4. मयाना टैंक | 51.40 |
| 5. कंवरपुर | 98.83 |

(ग) योजना आयोग ने किन्हीं अन्य परियोजनाओं पर प्राथमिक अथवा अन्य कार्य प्राधिकृत नहीं किये हैं ।

**Penalisation of industrialists for shortages due to pilferages in trains**

2128. SHRI RAJDEO SINGH : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether Industrialists and Small Scale Enterprises are being heavily penalised for the shortages on account of pilferages in the trains and due to delay in settling their claims; and

(b) if so, the steps proposed by Government to redress their grievances ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI HANUMANTHAIYA) : (a) No.

(b) Does not arise.

**Plans to prevent floods in Uttar Pradesh**

2129. SHRI RAJDEO SINGH : Will the Minister of IRRIGATION AND POWER be pleased to state :

(a) whether the Central Government have recommended to the Government of Uttar Pradesh to make detailed plans to prevent floods in the State; and

(b) if so, the response of the State Government thereto ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF IRRIGATION AND POWER (SHRI B. N. KUREEL) : (a) The Central Flood Control Board, at their 15th meeting held in November 1970, had recommended preparation of a comprehensive plan of flood control indicating the priority works, within two years Accordingly all State Governments including the Government of Uttar Pradesh have been requested to prepare their plans by the end of 1972.

(b) The Government of Uttar Pradesh have stated that an estimate of Rs. 93 lakhs has been prepared to carry out necessary surveys and investigations of the various rivers in the State in connection with the preparation of the comprehensive plan and the same is being processed.

**नोंव लूनाकरण उठाऊ सिचाई नहर के दोनों ओर के देहातों में पीने के पानी की व्यवस्था**

2130. श्री पन्ना लाल बारूपाल : क्या सिचाई और विद्युत मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या लूनाकरण उठाऊ सिचाई नहर जो कि राजस्थान नहर की एक शाखा है के दोनों ओर स्थित देहातों के निवासियों की पीने के पानी की समस्या को हल करने के विचार से कोई योजना बनाई गई है ;

(ख) यदि हाँ, तो उपर्युक्त योजना कब तक पूरी हो जाएगी ; और

(ग) क्या उठाऊ सिचाई योजना के अन्तर्गत बीकानेर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों को सिचाई और पीने के पानी की सुविधाएँ दी जाएंगी ?

सिचाई और विद्युत मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री बैजनाथ कुरील): (क) और (ख). पीने के वास्ते पानी सप्लाई करने के लिए कोई अलग स्कीम नहीं है। राज्य में प्रचलित पद्धति के अनुसार उन सभ ग्रामों को, जो नहर के कमान क्षेत्र के अन्तर्गत आते हैं, नहर से पीने का पानी